The

# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# DAILY CURRENT AFFAIR

05 – 07 –2023

WEDNESDAY



### 1. पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश में 'साईं हीरा ग्लोबल कन्वेंशन सेंटर' का किया उद्घाटन



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्ती में प्रशांति निलयम में नए बने साईं हीरा वैश्विक सम्मेलन केंद्र (Sai Hira Global Convention Centre) का उद्घाटन कर दिया है. ये कन्वेंशन सेंटर दुनियाभर के अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों के लिए एक साथ आने का केंद्र बनकर उभरेगा. साथ ही ये युवा पीढ़ी के लिए बड़ा मददगार साबित होने वाला है. कि आज देश दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है और हम डिजिटल टेक्नोलॉजी और 5-जी जैसे क्षेत्रों में बड़े-बड़े देशों का मुकाबला कर रहे हैं. कि आज एक ओर देश में आध्यात्मिक केंद्रों का पुनरुद्धार हो रहा है तो साथ ही भारत इकोनॉमी और टेक्नोलॉजी में भी लीड कर रहा है. समाजसेवी रयुको हीरा ने यह केंद्र सांस्कृतिक आदान-प्रदान, आध्यात्मिकता और वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने वाले दृष्टिकोण के तहत बनाया है. कि ये सेंटर आध्यात्मिक कॉन्फ्रेंस और शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर कार्य करेगा. उद्घाटन समारोह में दुनिया भर के प्रमुख गणमान्य व्यक्ति और श्रद्धालु उपस्थित थे.

### 2. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में 'अक्षर रिवर क्रूज़' किया लॉन्च



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने को वर्चुअल रूप से अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट पर अक्षर नदी क्रूज का उद्घाटन किया। कि ये फ्लोटिंग रेस्तरां क्रूज काफी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इस क्रूज पर लोगों को मुंबई और गोवा जैसे अनुभव मिलेंगे। इसका उदेश्य लोगों को बेहतरीन सुविधा देना है। इस पर एक बार में 125 से 150 लोग सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं। जिससे राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने में मदद मिली। अमित शाह ने कहा कि जब वह 1978 में अहमदाबाद चले गए, तो रिवरफ्रंट का निर्माण होने तक वह कभी साबरमती नदी देखने नहीं गए। कि तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार एक रिवरफ्रंट की कल्पना की और इसके लिए योजना बनाई। इसका निर्माण उनके कार्यकाल (सीएम के रूप में) के दौरान किया गया था। रिवरफ्रंट न केवल अहमदाबाद में बल्कि देश और विदेश में भी जाना जाने लगा और पर्यटन का केंद्र बन गया।

### 3. ग्रामीण विकास मंत्रालय ने महिला एसएचजी के उत्पादों को बेचने के लिए 'eSaras´ मोबाइल ऐप किया लॉन्च



महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों (Self Help Groups) के बनाये प्रोडक्ट्स को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार (Govt of India) ने एक मोबाइल एप्लिकेशन पेश किया है. 'ई-सरस' ऐप को दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के बनाये गए उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के लिए जारी किया गया है. बेहतरीन एवं मौलिक हस्तशिल्पों एवं हथकरघा उत्पादों के विपणन के लिए ई-सरस ऐप की संकल्पना की गई है. पीटीआई-भाषा की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार सिंह ने इस ऐप को जारी किया. इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली के जनकपुरी में स्थित मंत्रालय कार्यालय में निर्मित ई-सरस फुलफिलमेंट सेंटर का उद्घाटन भी किया.

### 4. त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स बना पहले ग्लोबल शतरंज लीग का चैंपियन




त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स को उद्घाटन ग्लोबल शतरंज लीग के चैंपियन का ताज पहनाया गया, जब डेनिश ग्रैंडमास्टर जोनास बजेरे ने अपग्रेड मुंबा मास्टर्स के जावोखिर सिंदारोव को अचानक मौत के मैच में हरा दिया। विजेता का निर्णय टाई-ब्रेक के तीन चरणों के माध्यम से किया गया। दो राउंड तेजी से बराबरी पर समाप्त होने के बाद, ब्लिट्ज के दो और राउंड खेले गए, लेकिन फिर भी ड्रा पर समाप्त हुए। अंततः चैंपियन का फैसला सडन-डेथ ब्लिट्ज गेम्स की श्रृंखला में हुआ, जहां निर्णायक परिणाम चौथे गेम में आया। जो टूर्नामेंट में सबसे अनुभवहीन खिलाड़ियों में से एक थे और अपने अधिकांश गेम हार गए थे, ने जब ज़रूरी हुआ तो अपनी टीम को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। सिंदारोव से लगातार चार हार झेलने के बाद, ड्रा-ईवन एंडगेम में, जिसे 17 वर्षीय उज़्बेक प्रतिभा ने मजबूर करने का फैसला किया।

### 5. मार्च 2023 के अंत में भारत का विदेशी ऋण 624.7 बिलियन डॉलर तक पहुंचा



रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत के विदेशी ऋण में मार्च 2023 के अंत में मामूली वृद्धि देखी गई है, जो 624.7 बिलियन अमरीकी डालर तक पहुंच गया है। इसी अवधि के दौरान ऋण-जीडीपी अनुपात में गिरावट आई है। भारतीय रुपया, येन, एसडीआर और यूरो सहित प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर की मजबूती से मूल्यांकन लाभ 20.6 अरब डॉलर था। भारत का विदेशी ऋण पिछले वर्ष की तुलना में 5.6 बिलियन अमरीकी डालर बढ़ गया, जब यह मार्च 2022 तक 619.1 बिलियन अमरीकी डालर था। कि ऋण-जीडीपी अनुपात मार्च 2022 में 20 प्रतिशत से घटकर मार्च 2023 में 18.9 प्रतिशत हो गया। प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर की मजबूती के कारण मूल्यांकन लाभ 20.6 अरब डॉलर रहा। यदि मूल्यांकन प्रभाव को हटा दिया जाए तो मार्च 2022 से मार्च 2023 तक विदेशी कर्ज 5.6 अरब डॉलर के बजाय 26.2 अरब डॉलर बढ़ जाता। मार्च 2023 तक, दीर्घकालिक ऋण (एक वर्ष से अधिक की मूल परिपक्वता के साथ) 496.3 बिलियन अमरीकी डालर था, जिसमें मार्च 2022 की तुलना में 1.1 बिलियन अमरीकी डालर की गिरावट दर्ज की गई।

### 6. कैरेबियाई महिला प्रीमियर लीग का हिस्सा बनने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनी श्रेयांका पाटिल




युवा स्पिन गेंदबाज श्रेयांका पाटिल ने महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (WCPL) के लिए साइन होने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर बनकर इतिहास रच दिया है। कि पाटिल पहली भारतीय खिलाड़ी भी हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने से पहले विदेशी लीग में अनुबंध की पेशकश की गई थी। श्रेयांका पाटिल ने WCPL के उद्घाटन संस्करण में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए चुने जाने पर खुद के लिए एक नाम बनाया। आरसीबी के लिए खेले गए 7 मैचों में, ऑलराउंडर ने 6 विकेट लिए और 62 रन बनाए। जो 31 अगस्त से 10 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। बीसीसीआई ने भारतीय महिला क्रिकेटरों को विदेशी क्रिकेट लीग में खेलने की अनुमति दे दी है और हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष जैसी सीनियर खिलाड़ी डब्ल्यूबीबीएल या द हंड्रेड में खेल चुकी हैं। हांगकांग में संपन्न महिला इमर्जिंग एशिया कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार भी जीता। उन्होंने इस आयोजन में असाधारण गेंदबाजी कौशल का प्रदर्शन किया और केवल दो पूर्ण खेलों में नौ विकेट हासिल किए।

### 7. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुआ 23वां शंघाई शिखर सम्मेलन



भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ स्टेट्स (CHS) की 23वीं बैठक की मेजबानी की। भारत ने इसमें अपने हितों को सुरक्षित करने की कोशिश की। इसने सीमा पार आतंकवाद से लड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया जो पाकिस्तान को एक कड़ा संदेश था। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सहित अन्य सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया। यह सम्मेलन उस वक्त आयोजित किया जा रहा है जब भारत के इसके दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के साथ रिश्ते तनावपूर्ण चल रहे हैं। वहीं, रूस अपनी निजी सेना वैगनर के अल्पकालिक विद्रोह से उभरने की कोशिश कर रहा है। एससीओ की स्थापना रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों द्वारा 2001 में शंघाई में एक शिखर सम्मेलन में की गई थी। भारत को 2005 में एससीओ का पर्यवेक्षक बनाया गया। तब भारत ने समूह की मंत्री स्तरीय बैठकों में भाग लिया था ।

### 8. नार्वे में मिला दुनिया का सर्वाधिक हाई ग्रेड फॉस्फेट भंडार



नॉर्वे में हाई ग्रेड फॉस्फेट का विशाल भंडार मिला है। कि इतने फॉस्फेट से दुनिया की अगली 100 साल की जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। फॉस्फेट का प्रयोग सोलर पैनलों और इलेक्ट्रिक कार बैटरी में होता है। नॉर्वे में मिला यह खजाना दुनिया की मांग को पूरा करने के लिए काफी बड़ा है। फॉस्फेट, उर्वरक उद्योग के लिए फॉस्फोरस के उत्पादन में उपयोग किया जाने वाला एक आवश्यक तत्व है। इसे काफी जरूरी रॉ मटेरियल एक्ट के लिए यूरोपियन कमीशन के मार्च प्रस्ताव में शामिल किया गया था। नॉर्वे में मिले भंडार कम से

कम 70 बिलियन टन होने का अनुमान जताया गया है। साल 2021 में यूएस जियोलॉजिक सर्वे की तरफ से एक अनुमान लगाया गया था जिसमें 71 अरब टन का भंडार होने की बात कही गई थी। दुनिया में अब तक का सबसे बड़ा फॉस्फेट रॉक भंडार यानी 50 बिलियन टन मोरक्को के पश्चिमी सहारा क्षेत्र में स्थित है। अगले सबसे बड़े भंडार चीन 3.2 अरब टन, मिस्र 2.8 अरब टन और अल्जीरिया 2.2 अरब टन, में स्थित हैं।

**QUIZ**

**1 राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष पद से किसने इस्तीफा दिया है?**

(a) मुरली मनोहर सिंह
(b) अजय कुमार
(c) रवि सुमन
(d) हर्ष चौहान

EXPLANATION -: हर्ष चौहान ने अपना कार्यकाल पूरा होने से आठ महीने पहले राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एक भारतीय संवैधानिक निकाय है जिसे संविधान अधिनियम, 2003 के माध्यम से स्थापित किया गया था.

**2 केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किस राज्य में 5600 करोड़ रुपये के नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट की शुरुआत की है?**

(a) उत्तर प्रदेश
(b) मध्य प्रदेश
(c) राजस्थान
(d) असम

EXPLANATION -: केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने राजस्थान के प्रतापगढ़ में 5600 करोड़ रुपये की 11 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट का उद्घाटन और शिलान्यास किया. राजस्थान में कुल 219 किलोमीटर लंबाई और 3,775 करोड़ रुपये की लागत वाली चार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया. साथ ही मण्डरायल में चम्बल नदी पर बन रहे एक पुल के निर्माण कार्य की भी शुरुआत हुई.

**3. कोल इंडिया के नए चेयरमैन और एमडी के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया है?**

(a) जितिन प्रसाद
(b) अजय सिन्हा
(c) राहुल आनंद
(d) पीएम प्रसाद

EXPLANATION -: पीएम प्रसाद को कोल इंडिया के नए चेयरमैन और एमडी के रूप में पदभार ग्रहण किया है. अपनी नई भूमिका से पहले, प्रसाद झारखंड में स्थित कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल का नेतृत्व कर रहे थे. प्रसाद को कोयला खनन क्षेत्र में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है. वह इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स, आईआईटी धनबाद से खनन इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की है.

**4. शंघाई सहयोग संगठन के 23वें शिखर सम्मेलन का आयोजन किसकी अध्यक्षता में किया जा रहा है?**

(a) भारत
(b) पाकिस्तान
(c) चीन
(d) रूस

EXPLANATION -: इस वर्ष शंघाई सहयोग संगठन के 23वें शिखर सम्मेलन का आयोजन भारत की अध्यक्षता में किया जा रहा है. एससीओ परिषद के राष्ट्राध्यक्षों के 23वें शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे. ईरान, बेलारूस और मंगोलिया को पर्यवेक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है. इस शिखर सम्मेलन का थीम एससीओ-सिक्योर (SCO-SECURE) है, जो 2018 एससीओ क़िंगदाओ शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संक्षिप्त नाम से लिया गया है.

**5. भारतीय महिला टीम में जगह बनाने वाली असम की पहली खिलाड़ी कौन है?**

(a) जिंतिमोनी कलिता
(b) उमा छेत्री
(c) स्नेह राणा
(d) अनुषा बरेड्डी

EXPLANATION -: उमा छेत्री असम की पहली महिला क्रिकेटर बन गयी है,जिनका सेलेक्शन भारतीय महिला टीम में हुआ है. बीसीसीआई महिला चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ 9 जुलाई से शुरू होने वाली क्रमशः तीन मैचों की T20I और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है. उमा छेत्री असम के बोकाखाट की रहने वाली है और वह एक प्रतिभाशाली विकेटकीपर बल्लेबाज है. आगामी बांग्लादेश दौरे के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व हरमनप्रीत कौर करेंगी.

**6. राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में किस तैराक ने बैकस्ट्रोक स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है?**

(a) चाहत अरोड़ा

(b) माना पटेल

(c) पूर्वा शेट्टी

(d) अनिता सूद

EXPLANATION -: हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में ओलंपियन माना पटेल ने नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया है. माना पटेल ने महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया. वहीं लिनिशा एके ने महिलाओं की 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में भी नया रिकॉर्ड बनाया. पटेल ने महिलाओं की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में 1:03.48 के साथ नया रिकॉर्ड कायम किया. नीना वेंकटेश ने भी महिलाओं की 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड बेहतर किया.

**7. हाल ही में किस शहर में अक्षर रिवर क्रूज का उद्घाटन किया गया ?**

(a) सूरत

(b) मुम्बई

(c) चेन्नई

(d) अहमदाबाद

EXPLANATION -: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट पर 'अक्षर रिवर क्रूज' का वर्चुअल उद्घाटन किया। 'अक्षर रिवर क्रूज़ एक फ्लोटिंग रेस्तरां है और यह अक्षर ट्रेवल्स, अमदावाद नगर निगम (एएमसी) और साबरमती रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का संयुक्त उद्यम रहा है।162 क्षमता वाला क्रूज यात्रियों को भोजन के साथ डेढ़ घंटे की यात्रा पर ले जाएगा। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में आग से बचाव के लिए स्प्रिंकलर की सुविधा, एक लाइफबोट, लाइफ जैकेट और सुरक्षा के लिए अन्य सुविधाएं होती हैं।

**8. भारतीय स्टेट बैंक ने निम्नलिखित में से किसे अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया है?**

**(A) कामेश्वर राव कोदावंती**

(B) सुरेंद्र सिंह शेखावत

(C) कपिल भार्गव

(D) जतिन पटेल

EXPLANATION -: भारतीय स्टेट बैंक ने कामेश्वर राव कोदावंती की नियुक्ति की घोषणा की , जो 1991 से बैंक से जुड़े हुए हैं, उन्हें अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया गया है। कोदावंती ने चरणजीत सुरिंदर सिंह अत्रा का स्थान लिया है जिन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह अगस्त 1991 से भारतीय स्टेट बैंक के साथ काम कर रहे हैं और उन्हें बैंकिंग, विदेशी मुद्रा, वित्त और लेखांकन के क्षेत्र में अनुभव है।

**ONE LINER**

SCO के 23वें शिखर सम्मेलन का आयोजन किसकी अध्यक्षता में किया जा रहा है - : **भारत**

हाल ही में किस राज्य सरकार ने प्रोफेसरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी है -: **जम्मू कश्मीर**

किस राज्य में हुई पक्षी गणना में पक्षियों के 205 से अधिक प्रजातियां पाई गई है- : **बिहार**

किस राज्य में पट्टूपर्थी मेंसाईं हीरा ग्लोबल कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन किया गया है - : **आंध्र प्रदेश**

किस राज्य में देश की पहली सहकारी संचालित सैनिक स्कूल की नींव रखी गई है- : **गुजरात**

किसे FAO के महानिदेशक के रूप में पुनः चुना गया है -: **क्यू डोंग्यू**

जारी ICC महिला ODI बल्लेबाजी रैंकिंग में कौन शीर्ष पर रही है- : **सी. अट्टापट्टू**

हाल ही में राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में किस तैराक ने बैकस्ट्रोक स्पर्धा में नया रिकॉर्ड बनाया है- : **माना पटेल**

हाल ही में किस शहर में बंदरों के लिए समर्पित बंदर वन रन बनाए गए हैं -: **लखनऊ**

2024 में एससीओ परिषद के राष्ट्राध्यक्षों की अगली बैठक की मेजबानी कौन सा देश करेगा -: **कजाकिस्तान**